आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बीआरओ परियोजनाएं

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज सीमा सड़क संगठन –बी.आर.ओ. द्वारा दो हजार दौ सौ 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन कर इन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं का निर्माण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के 11 सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है। रक्षा मंत्री ने 22 सड़कों, 51 पुलों और 02 अन्य विविध परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में से 5 हिमाचल प्रदेश में शामिल हैं। वर्चुअल उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के सत्ता में आने से पहले, विकास की गति रुक गई थी और पूर्वोत्तर व सीमावर्ती राज्य विकास के अवसरों से भी वंचित थे। लेकिन केंद्र में सरकार बदलने के बाद पूर्वोत्तर व सीमावर्ती राज्यों को विकास की मुख्यधारा में वापस लाया गया है। इतना ही नहीं रक्षा क्षेत्र में इन क्षेत्रों के महत्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विकास को गति देने की पहल भी की गई है।

राज्यपाल

इस बीच, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने हिमाचल को 5 परियोजनाएं समर्पित करने के लिए रक्षा मंत्री का आभार जताया। इनमें मनाली–सरचू सड़क, पोवारी–पूह–खाब–शिपकिला सड़क और खाब–समदो–काज़ा–ग्रांफू सड़क पर 5 पुलों का निर्माण शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से भारत–चीन सीमा पर संपर्क और सामरिक महत्व की सड़कों, पुलों व अन्य तैयारियों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीमा सड़क संगठन ने रिकॉर्ड समय में इन पुलों का निर्माण किया है।

स्वर्ण जयंती समारोह

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने आज अपना 50वां स्थापना दिवस मनाया। शिमला में हुए स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप–मुख्यमंत्री मुकेश

अग्निहोत्री ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निगम के कर्मियों को 4 फीसदी महंगाई भत्ते, ओवर टाईम व चिकित्सा बिलों के भुगतान का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मियों को 55 महीने के ओवर टाईम के भुगतान के लिए 97 करोड़ 50 लाख रूपए दिए जाएंगे जबकि 9 करोड़ रूपए के लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान 2 महीने में किया जाएगा। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन निगम को हर वर्ष 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक का अनुदान देती है और इसे घाटे से उबारने के लिए निगम की कार्यप्रणाली में बदलाव लाना होगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में राज्य पथ परिवहन निगम ने लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए ईमानदारी से काम किया है और आज लगभग 6 लाख लोग रोज़ाना निगम की बसों में सफर करते हैं। इस मौके पर चालक पवन कुमार, हेमराज और जगननाथ को 25 साल के सेवाकाल में कोई बस दुर्घटना न करने को लेकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इसके अलावा निगम के लगभग 21 अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर सेवाओं के लिए विशिष्ट सेवा सम्मान दिया गया।

<u>दशहरा उत्सव</u>

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला के जाखू मंदिर में आयोजित दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं। जाखू मंदिर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर में रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया जा रहा है।

<u>दशहरा उत्सव बधाई</u>

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ये पर्व प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व हमारे नैतिक मूल्यों और परंपराओं को मज़बूती प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

कुल्लू दशहरा

कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव कल से शुरू हो रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले दशहरा उत्सव का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। इस मौके पर भगवान रघुनाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में सैंकड़ों देवी–देवता शोभा यात्रा में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। मुख्य संसदीय सचिव व कुल्लू दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार उत्सव के लिए 3 सौ 32 देवी–देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान 19 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यक्रमों व उपलब्धियों को दर्शाती झांकियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 19 अक्तूबर को मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

....